माँ के दर जैसा दर तो | By Mukesh Bagda |

माँ के दर जैसा दर तो कहीं
सारी दुनिया में होगा नहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

जबसे तेरी महिमा को माँ मैंने जाना,
भजूँ मैया नाम तेरा बनके दीवाना।
चलो माँ के दर पे, जिसको माँ का प्यार पाना,
छोड़ो झूठी माया, छोड़ो झूठा ये जमाना।
सारी खुशियाँ मिलेगी वहीं,
माँ के दर पे कमी ना कहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

माँ के दर जैसा दर तो कहीं
सारी दुनिया में होगा नहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

रूप तेरा आँखों में माँ मैंने है बसाया,
मन में तेरे नाम का माँ मंदिर बनाया।
जिसने भी जो माँगा, अम्बे दर्शन तेरे पाया,
पल में तू करिश्मे कर दे, पल में बदले काया।
माँ-सी शक्ति जहाँ में नहीं,
तार देगी हमें वो यहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

माँ के दर जैसा दर तो कहीं
सारी दुनिया में होगा नहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

ऊँचा बड़ा मैया दरबार है सजाया,
आता वहीं मैया, जिसको तूने है बुलाया।
बरसे तेरे नाम की, माँ, सारे जग में माया,
भक्तों पे तेरे ही तो नाम की है छाया।
छोड़ दो पाप की तुम ज़मीं,
चलो पुण्य मिलेंगे वहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

माँ के दर जैसा दर तो कहीं
सारी दुनिया में होगा नहीं।
चलो-चलो मिलके माँ के दर पे चलो,
जहाँ रहे मैया, उसके घर पे चलो॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%9c%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda/